# मॉडल - (02)

## विषय - इतिहास, कक्षा– 12वी

## विषय कोड – 315

समय : 3 घंटे पूर्णांक: 100

---

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसके अंतर्गत सही विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर दो एवं सही जोड़ी मिलाओ, 4 खंडों में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड पर 05 अंक निर्धारित है। कुल 20 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 25 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 75 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 100 शब्द है।
8. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 150 शब्द है।

**प्रश्न क्रमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) आहत सिक्कों में किन धातुओं का प्रयोग होता था।

(अ) चांदी और सोना (ब) चांदी और तांबा

(स) चांदी और एल्युमिनियम (द) चांदी और पीतल

(ii) हड़प्पाकालीन विशाल स्नानागार की खोज कहां पर हुई थी।

(अ) लोथल (ब) कालीबंगा

(स) मोहनजोदड़ो (द) हड़प्पा

(iii) अंतिम मौर्य शासक था –

(अ) चँद्रगुप्त द्वितीय (ब) अशोक

(स) समुद्रगुप्त (द) बृहद्रथ

(iv) हर्षचरित का रचयिता है–

(अ) बाणभट्ट

(ब) कालिदास

(स) शुद्रक

(द) विशाखदत्त

(v) अहमद शाह ने किस शहर की नींव रखी थी।

(अ) हैदराबाद (ब) अहमदाबाद

(स) फिरोजाबाद (द) गाजियाबाद

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) अकबर के संरक्षक ........................ थे।

(ii) सुबे में राजस्व का प्रमुख ............................... होता था।

(iii) लालकिला ................................ में स्थित है।

(iv) लार्ड ........................ अंग्रेजी शिक्षा का पक्षधर था।

(v) बंकिमचंद चटर्जी लिखित उपन्यास का नाम.............................. है।

## खण्ड (स)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।**

(i) आर्य समाज की स्थापना किसने की थी ?

(ii) 1937 के चुनावों में कांग्रेस को कितने प्रांतों में स्पष्ट बहुमत मिला था ?

(iii) मुसोलिनी के सैन्य दल को किस नाम से जाना जाता है ?

(iv) माल्टा सम्मेलन में किस देश के भविष्य को लेकर चर्चा हुई थी।

(v) रविन्द्रनाथ टैगोर की एक कृति का नाम लिखिए।

## खण्ड (स)

**सही जोड़ी बनाइये –**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| (i) | स्वेज नहर | भौतिक संस्कृति |
| (ii) | अर्थशास्त्र | उत्तर भारत |
| (iii) | पुरातत्ववेत्ता | महाराष्ट्र |
| (iv) | रोटी | 1956 |
| (v) | एजंता एलोरा | कौटिल्य |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 सी–14 काल निर्धारण की उपयोगिता समझाइये।

प्रश्न 3 महायान और हीनयान में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4 सत्ता के वर्चस्व को सुल्तान के पास कायम रखने के लिए बलबन में किन उपायों को अपनाया था ?

प्रश्न 5 महमुद गवां कौन था ?

प्रश्न 6 जात और सवार क्या थे ? समझाइये।

प्रश्न 7 मैकाले द्वारा भारत में ब्रिटिश शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य को संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न 8 प्लासी के युद्ध के लिए जिम्मेदार मुख्य दो घटकों को लिखिए।

प्रश्न 9 आर्थिक राष्ट्रवाद का क्या महत्व है ?

प्रश्न 10 शीतयुद्ध से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 11 वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 12 फाहायान कौन था ?

प्रश्न 13 जातक कथाएं क्या है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 किसी नगरीय सभ्यता की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 15 शेरशाह को हराने में हुमायु क्यों असफल रहा ?

प्रश्न 16 प्लासी के युद्ध के कोई तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 17 ग्लॉसनॉस्त एंव पेरेस्कोइका क्या थे ?

प्रश्न 18 आउट सोर्सिंग के द्वारा आये बदलावों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 19 औपनिवेशिक राज्य के अंतर्गत आए किन्हीं तीन बदलावों का उल्लेख कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 मौर्योत्तर कालीन मूर्तिकला एवं चट्टान स्थापत्य कला का वर्णन कीजिए।

अथवा

समुद्रगुप्त के काल में गुप्त साम्राज्य का अत्यधिक विस्तार हुआ कथन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 21 मराठा प्रशासन की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

आइना ए दहसाला क्या था? यह कैसे काम करता था ?

प्रश्न 22 1917 की रूसी क्रांति का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा समझाइये ?

अथवा

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सार क्या था ? समझाइये।

प्रश्न 23 परंपरागत भारतीय वस्त्रों में रंगों के महत्व का वर्णन कीजिए।

अथवा

संस्कृति के संप्रेषण के मुख्य साधनों का वर्णन कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 हड़प्पाकालीन नगर योजना की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

अतीत को समझने में पुरातत्व किस प्रकार से सहायक है ? समझाइये।

प्रश्न 25 तीसरी दूनिया के देशों में कृषि संबंधी आपदा एवं उसके प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

बीसवीं सदी की चीनी क्रांति इतिहास की महानतम क्रांति रही है। कथन की व्याख्या कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 भारत के औद्योगिकीकरण ने वैश्विक उत्पादन और व्यापार के ढांचों में किस प्रकार से परिवर्तन किया ? समझाइये।

अथवा

सन् 1919 में गांधीजी ने असहयोग आंदोलन क्यों आरंभ किया था? प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 27 वर्साय की संधि के क्या प्रावधान थे ? क्या इन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बीज बोये थे ? समझाइये।

अथवा

सन् 1917 में हुई रूसी क्रांति के लिए जिम्मेदार कारकों को विस्तृत में समझाइये।